# अशोक नगर



नवभारत
भोपाल, रविवार, 8 मार्च, 2026


# आज करीला आयेंगे मुख्यमंत्री, करेंगे मां जानकी के दर्शन

## तीन दिवसीय करीला मेला प्रारंभ, पैदल से लेकर पैढभर करीला पहुंच रहे श्रद्धालु

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के सुप्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र करीला में रंगपंचमी के अवसर पर लगने वाला करीला मेला शनिवार से प्रारंभ हो गया है। जिसके चलते जिले की प्रत्येक सड़क पर श्रद्धालुओं को जत्था करीला की ओर जाता दिखाई दिया। तो वहीं करीला में मां जानकी के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था भी देखी गई, जिसके चलते कोई पैदल तो कोई पैढ भरकर करीला की ओर जाता दिखा।

दरअसल जिले की तहसील बहादुरपुर के ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम कानीखेडी स्थित मध्यप्रदेश तीर्थ स्थल मां जानकी माता मंदिर करीला धाम में रंगपंचमी के अवसर पर लगने वाले तीन दिवसीय वार्षिक करीला मेला शनिवार को प्रारंभ हो गया है, यह मेला 9 मार्च 2026 तक चलेगा। तीन दिवसीय वार्षिक मेला के प्रथम दिवस काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने करीला धाम पहुंच कर मां जानकी माता के दर्शन कर आर्शीवाद लिया। साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा मां जानकी माता से मन्नतें





मांगी। वहीं मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं द्वारा करीला धाम में नृत्यांगनाओं द्वारा बधाई नृत्य कराया गया।

**श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए की गई है व्यवस्था:**

जिला प्रशासन द्वारा करीला मेला में श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं सुविधाएं मुहैया कराई गई है। श्रद्धालुओं के लिए मेला परिसर में सुगम आवागमन के लिए पार्किंग, विद्युत, सीसीटीव्ही, सुरक्षा, पेयजल की व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। साथ ही परिक्रमा, दर्शन व्यवस्था, मेला परिसर में चिकित्सा व्यवस्था की सम्पूर्ण व्यवस्था की गई है। मेला परिसर में दुकानों को सुव्यस्थित ढंग संचालन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के लिए मेला परिसर में बडे-बडे झूलें एवं स्वादिष्ट व्यंजनों की दुकानें लगाई गई है।

**आज आयेंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव:**

रंगपंचमी के अवसर पर करीला में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय मेले के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रस्तावित दौरा है। जिसके चलते वह करीला पहुंचेंगे और मां जानकी के दर्शन करते हुए प्रदेश की सुख समृद्धि के लिए मां से प्रार्थना करेंगे। तो वहीं करीला में सीएम के अलावा कई अन्य वीआईपी भी मां जानकी के दरबार में पहुंचेंगे। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित होने वाले करीला मेला का ध्यान में रखते मुख्यमंत्री की सुरक्षा से लेकर कार्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी महिला अधिकारियों को दी गई।



# पेट दर्द से पीड़ित महिला की बच्चे दानी से निकाली 5 किलो की गांठ

**आनंदपुर चिकित्सालय में किया गया ऑपरेशन**

**स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रेक्षा कोठारी ने की सर्जरी**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** श्री आनंदपुर ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय सुखपुर गंभीर बीमारियों से जूझ रहीं महिलाओं को मिला वरदान साबित हो रहा है। दरअसल यहां पर नाम मात्र के खर्च पर मरीजों के लाखों के ऑपरेशन किये जा रहे है। ऐसा ही एक जटिल ऑपरेशन विगत दिनो स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रेक्षा कोठारी द्वारा किया गया, जिसमें एक महिला पेट दर्द से पीड़ित थी, जिसकी जब जांच कराई गई, उसकी बच्चादानी में गांठ पाई गई, जिसका ऑपरेशन किया गया, तो वह करीब पांच किलो थी। बताया जा रहा है कि जब डॉ प्रेक्षा कोठारी ने सुखपुर अस्पताल में महिलाओं की रोगियों की कमान संभाली है, तब से अब उन्होंने 40 से अधिक महिला मरीजों को गंभीर बीमारी से मुक्त कराया है।

डॉक्टर प्रेक्षा कोठारी ने बताया कि हमने बच्चेदानी के कई जटिल ऑपरेशन किए, इनमें यह 5 किलो तक की गांठन वाला ऑपरेशन काफी जटिल था, जिसे स्टॉफ की मदद से निकाला गया। उन्होंनें बताया कि अस्पताल में पिछले 5 महीनों में 40 से ज्यादा गर्भ थैली निकाल के ऑपरेशन कर चुकी हैं। वो महिला रोगी जो अपनी बीमारी से पीड़ित थी उनके जटिल ऑपरेशन कर उनको नया जीवन दान दिया। उन्होंने बताया कि गरीब मरीजों के ऑपरेशन एवं उपचार के लिए उन्हें अस्पताल प्रबंधन का काफी सहयोग मिलता है, जिसमे ऑपरेशन थियेटर का स्टाफ जो काफी अनुभवी है उनके सहयोग से काफ़ी अच्छा लगता है और हम जटिल से जटिल ऑपरेशन करने में सफलता प्राप्त करते हैं। वहीं डॉक्टर की कार्यशैली पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है, क्योंकि कोठारी दंपती सुखपुर अस्पताल में सेवाएं दे रहे है।

## एक नजर में

### चंदेरी के विवेक बने आईपीएस



**चंदेरी।** ऐतिहासिक नगरी में जन्मे, पले बढ़े और प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने वाले विवेक यादव ने आईपीएस बनकर अपने परिवार सहित जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता की जानकारी जैसे ही ऐतिहासिक नगरी में पहुंची तो परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। तो वहीं शहरवासी भी इस खुशी में झूमते नजर आए।

उल्लेखनीय है कि विवेक यादव ने अपने प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर से प्राप्त की और इसके बाद दिल्ली में रह कर तैयार प्रारंभ की। जहां उनकी तैयारियों का परिणाम से जहां पहले तो आईआरएस बने फिर भी पढ़ाई निरन्तर जारी रखते हुए हाल ही में आये यूपीएससी के परिणाम ने सभी को चौंका दिया, आईपीएस में देशभर में 487 वीं रैंक लाने पर परिवार सहित नगरवासियों में खुशी का माहौल है। वही विवेक ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि उनकी इस सफलता का श्रेय अपने चाचा धर्मेंद्र यादव सहित परिवार और विद्यालय को दिया है।

### महिला को दी जान से मारने की धमकी

**अशोकनगर।** पठार मोहल्ला निवासी एक महिला उसी मोहल्ले में रहने वाले लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई, जिसकी रिपोर्ट महिला द्वारा थाने में दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार सपना सेन शेरू बानो ने पहले मारपीट की और उसके बाद गाली गलौच करते हुए धमकी है।


# जिला अस्पताल में खाली कुर्सी देख लौटे मरीज

## अस्पताल चिकित्सकों के साथ दवाओं को टोटा, मरीज हो रहे परेशान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिलाअस्पताल के हाल बेहाल है और यहां की व्यवस्थाएं बेपटरी हो गई, जिसकी बजह से यहा आने वाले मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है। अस्पताल की व्यवस्थाए इस कदर चौपट हो गई है कि अस्पताल के समय पर भी डॉक्टर कुर्सीयों पर नहीं टिकते है, जिसकी बजह से अस्पताल में पहुंचने वाले मरीज अपना इलाज कराये बिना ही लौट रहे है। ऐसा ही नजारा शनिवार की शाम को देखने को मिला, जहां चिकित्सकों की कुर्सीयों को खाली देख मरीज लौटते नजर आए।

दरअसल जिले में सैंकड़ों की संख्या में समूचे अंचल से लोग अपना उपचार कराने के लिए पहुंचते है, लेकिन चिकित्सको की मनमर्जी के आगे वह बेबस नजर आते है। शनिवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे भी बड़ी तादात में मरीज इलाज कराने के लिए अस्पताल में पहुंचे, लेकिन ओपीडी कक्षा की खाली कुर्सिया देखते ही मायूस हो गये। तो वहीं



कई लोग डॉक्टरों की खोजबीन करते हुए नजर आए और इधर से उधर भटकते हुए देखे गए, लेकिन जब चिकित्सक नहीं मिले वह थाक हार बिना इलाज कराये वापस लौट गए। उल्लेखनीय है कि पूर्व कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिलाअस्पताल का लगातार निरीक्षण किया जाता था, जिसके चलते अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार हो रहा था, लेकिन उनके जाते ही अस्पताल की व्यवस्थाएं पुराने ढर्रे पर आ गई। जिसका खामियाजा यहा आने वाले मरीजों को भुगतना पड़ता है।

**मनमर्जी से चल रहा सिस्टम:**

जिलाअस्पताल में वैसे तो सबकुछ नियम के मुताबिक चलना चाहिए, लेकिन अस्पताल के अधिकतर चिकित्सक मनमर्जी से काम करते हुए नजर आते है, जिसका खामियाजा उन लोगों को भुगतना पड़ता है, जो अपना इलाज प्राईवेट अस्पतालों में कराने में असमर्थ है। चिकित्सकों की मनमर्जी का आलम ये है कि वह सिर्फ अपना समय बीताने के लिए अस्पताल में जाते है और चाय की चुस्कियां लेकर वापस लौट आते है। जब शनिवार को अस्पताल के समय पर चिकित्सक नदारद दिखे तो सिविल सर्जन डॉ. भूपेंद्र सिंह शेखावत से चिकित्सको की अनुपस्थिती को लेकर जानकारी चाही गई, तो उनका फोन रिसीव तो हुआ, लेकिन चर्चा न हो सकी।

**दाद, खाज सहित अन्य दवाओं का भी टोटा:**

जिलाअस्पताल में जहां चिकित्सकों की गैर मौजूदगी मरीजों के बीच चर्चा का विषय बनी रहीं है, तो वहीं अस्पताल में कई दवाओं का टोटा भी देखने को मिला। अस्पताल में कई मरीज दाद, खाज और खुजली सहित अन्य दवाओं के नाम मिलने से परेशान होते देखे गए। यह गौर करने वाली बात ये है कि जब जिलाअस्पताल में मरीजों को समय पर दवाओं नहीं मिल रही है। यह सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा किस प्रकार दवाओं की डिमांड की जाती है कि वह समय पर उपलब्ध नहीं हो पाती है। वहीं अगर उपलब्ध है, तो मरीजों को क्यों नहीं मिल रही है, इसका क्या कारण है।

# आरसेटी का प्रशिक्षण संपन्न वितरित किये गये प्रमाण पत्र

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी द्वारा 38 दिवसीय कंप्यूटर बुककीपर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें लोगों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया, तो वहीं प्रशिक्षण पूरा होने के बाद शनिवार को प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

दरअसल भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशक राजाराम वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में एसबीआई-आरसेटी में अत्यंत सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम निदेशक की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आरसेटी अशोकनगर के संकाय सदस्य फैकल्टी जितेंद्र बिरथरे, प्रवेश सुमन, जुलेखा बानो, अटेंडर अतुल दागी प्रेम सागर सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिले के नगरों को विकास पंथ से जोड़ने की मांग

**प्रदेश में विकास पथ है प्रस्तावित**

**क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने की मांग**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश में अधोसंरचना और औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने संसदीय क्षेत्र के प्रमुख शहरों को प्रस्तावित मध्य भारत विकास पथ से जोड़ने का अनुरोध किया है। यह परियोजना भारत सरकार के विजन-2047 के अंतर्गत राज्य में प्रस्तावित नए एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जा रही है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि चंदेरी, मुंगावली, अशोकनगर और गुना जैसे महत्वपूर्ण शहरों को प्रस्तावित मध्य भारत विकास पथ नागपुर-भोपाल-ग्वालियर ग्रीन कॉरिडोर से सीधे जोड़ा जाए। प्रस्तावित मध्य भारत विकास पथ वर्तमान में प्रारंभिक सर्वेक्षण के चरण में है, जिसके आगामी चार से पांच महीनों में पूरा होने की संभावना है।

**कनेक्टिविटी को मिलेगी नई गति:**

सिंधिया ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि वर्तमान में अशोकनगर, मुंगावली और चंदेरी जैसे प्रमुख शहर सीधे किसी राष्ट्रीय राजमार्ग से नहीं जुड़े हैं। इन शहरों को एक्सप्रेस-वे नेटवर्क से जोड़ने से न केवल यातायात सुविधाएं बेहतर होंगी, बल्कि क्षेत्र में निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से ग्वालियर-चंबल संभाग तथा आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और यह पूरा क्षेत्र विकास के नए मार्ग पर आगे बढ़ेगा।

**गुना-अशोकनगर-चंदेरी मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग:**

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने इसके साथ ही 114.70 किलोमीटर लंबे गुना-अशोकनगर-चंदेरी SH-54 मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए भी प्रभावी पैरवी की है। यह मार्ग NH-46, NH-346 और NH-44 को आपस में जोड़ते हुए क्षेत्रीय सड़क नेटवर्क को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

# सर्वाइकल कैंसर से स्वास्थ्य विभाग की जंग शुरू, किया वैक्सीनेशन

**पहले दिन एक सैकड़ा किशारियों को लगा टीका**

**अपील कर लोगों को बताये वैक्सीनेशन के फायदे**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए चल रहे एचपीवी HPV वैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत शनिवार को जिला अस्पताल सहित पूरे जिले में उत्साह के साथ टीकाकरण किया गया। पहले दिन जिले में कुल 100 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।

यह अभियान सीएमएचओ डॉ. अलका द्विवेदी के निर्देशन में




संचालित किया जा रहा है। वहीं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत द्वारा पूरे जिले में अधिक से अधिक किशोरी बालिकाओं तक वैक्सीन पहुंचाने के लिए विस्तृत योजना बनाई गई है। डॉ. राजपूत ने जिले के चारों ब्लॉकों के बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम तथा जमीनी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं आशा के साथ वीसी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा कर सभी CHO और ANM को अपने-अपने क्षेत्रों की पात्र किशोरी बालिकाओं को सरकारी अस्पताल तक लाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं इस जीवनरक्षक वैक्सीन का लाभ ले सकें। वैक्सीनेशन कार्यक्रम के तहत जिला टीकाकरण टीम के पंकज शर्मा, वीसीसीएम प्रियंका सोनी, RIDM, तथा एमसीएच विंग की सीनियर एएनएम हेमवती शर्मा, सोना कुशवाह, प्रीति शर्मा, रश्मि नामदेव, ममता यादव और अवधेश यादव सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

**जिले में इस प्रकार हुआ वैक्सीनेशन:**

शनिवार को टीकाकरण अभियान के तहत बालिकाओ का वैक्सीनेशन किया गया, जिनमें जिला अस्पताल में 36, सीएचसी शाढ़ौरा में 29, ईसागढ़ में 19, मुंगावली में 11 और चंदेरी में 5 बालिकाओं को टीका लगाया गया, इस तरह कुल मिलाकर 100 किशोरी बालिकाओं को वैक्सीन लगाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भी जिले में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस दिन जिले की सभी सेशन साइट्स पर एचपीवी टीकाकरण किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सुरक्षा कवच मिल सके। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को इस महत्वपूर्ण टीकाकरण अभियान से जोड़कर उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित बनाएं।

**आयोजन**

## रंगपंचमी पर जमकर उड़ेगा रंग-गुलाल

# शहर के विभिन्न मंदिरों पर होली मिलन समारोह का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पांच दिवसीय रंगो उत्सव का त्यौहार होली आज रंगपंचमी के साथ संपन्न होगा, लेकिन इसके पहले जिलेभर में जमकर रंग-गुलाल उड़ेगा। रंगपचंमी के चलते जिले के विभिन्न मंदिरों पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां पर श्रद्धालुओं द्वारा होली खेली जाएगी।

जानकारी के मुताबिक जहां रंगपंचमी पर बच्चों से लेकर युवाओं में होली का जोश देखने को मिलेगा, तो वहीं शहर के अलग-अलग मंदिरों पर विभिन्न समाजों द्वारा होली



उत्सव आयोजित किए गए है। जिनमें मुख्यत: पठार मोहल्ला स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर, टोरिया स्थित श्री राम जानकी मंदिर, चौधरी का बगीचा स्थित नामदेव महाराज का मंदिर और यादव कालोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर शामिल है।

रंगपंचमी को लेकर पुजारी किशन लाल मिश्रा ने बताया कि यह त्यौहार रविवार को विजय मुहूर्त मनाया जाएगा। इसमें ध्रुव योग के साथ-साथ स्वाति नक्षत्र में मनाया जा रहा। रंग पंचमी महापर्व है जो की शुभ कार्यों में बहुत ही अच्छा माना जाता है, इस दिन राधा कृष्ण भगवान ने होली के 5 दिन बाद चैत्र माह के कृष्ण पक्ष में पंचमी के दिन होली खेली थी, उनको होली खेलते देखकर देवताओं के मन में भी उत्साह उत्पन्न हुआ और बे मानव तन धारण करके ब्रिज में भगवान के साथ होली खेले थे, तभी से है पर्व बड़ी उत्साह पूर्वक सभी जगह मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव शंकर का अभिषेक भी रंग-गुलाल एवं अबीर गुलाल द्वारा किया जाता है। बताया जाता है कि भगवान श्री राम के पुत्र लव कुश के जन्मदिन की बधाई देने स्वर्ग से अप्सराय आई हुई थी और उन्होंने भी लव कुश की बधाई दी थी, इसी कारण से इसका और विशेष महत्व बढ़ गया है।

**मंदिर पर होगा विशेष आयोजन:**

पंचमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी किशनलाल मिश्र ने बताया कि रंगपंचमी के अवसर पर मंदिर पर विशेष आयोजन होगा, जिसमें महादेव का अभिषेक किया जाएगा।

# तीन दिन चलेगी गुना-बीना विशेष ट्रेन

**करीला मेला को ध्यान में रखते की गई चालू**

**केंद्रीय मंत्री ने की थी रेल मंत्री से मांग**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के प्रसिद्ध करीला माता धाम में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से भारतीय रेलवे ने बीना से गुना के मध्य विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और यात्रा के दौरान होने वाली असुविधाओं को देखते हुए केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर इस संबंध में विशेष अनुरोध किया था। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे मंत्रालय ने त्वरित निर्णय लेते हुए 07 मार्च से 09 मार्च 2026 तक बीना-गुना के बीच मेला स्पेशल ट्रेन के संचालन को स्वीकृति प्रदान की है।

**तीन दिनों तक संचालित होगी विशेष ट्रेन:**

रेलवे द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार यह विशेष ट्रेन बीना से गुना (अशोकनगर मार्ग होते हुए) संचालित की जाएगी। यह संचालन 7 मार्च, 8 मार्च एवं 9 मार्च को बीना से होकर गुना लिये जाएगी। जो कि बीना से दोपहर 1 बजे प्रस्थान रहेगा। यह विशेष ट्रेन करीला मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाएगी।

**हर वर्ष लाखों श्रद्धालु आते हैं करीला माता धाम:**

केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने अपने पत्र में उल्लेख किया था कि करीला माता धाम में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले में मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और आवागमन को सुगम बनाने के लिए विशेष ट्रेन का संचालन अत्यंत आवश्यक था। वहीं केंद्रीय मंत्री ने इस जनहितकारी निर्णय के लिए रेल मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी और वे अधिक सहजता से करीला माता के दर्शन कर सकेंगे।